# आकाशवाणी शिमला

**01.05.2025** **1945 बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन वेव्स कलाकारों और रचनाकारों के नए विचारों को देगा बढ़ावा।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अटल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाना में आई.पी.डी. सेवाओं का किया शुभारम्भ।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में लम्बित 6 सौ 37 बस्तियों को पी.एम.जी.एस.वाई–चरण–4 में शामिल करने का केन्द्र से किया आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से हिमकेयर सुविधा को तत्काल प्रभाव से बहाल करने की मांग की।

**प्रधानमंत्री वेव्स**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड, कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां वेव्स शब्द से तात्पर्य है संस्कृति, रचनात्मकता और विश्व से जुडने की लहर। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के कलाकार, नवोन्मेषक, निवेशक तथा नीति निर्माता एक मंच पर साथ आये हैं। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नवोन्मेषकों और रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर प्रयासरत है और उसके पास विश्व का तीसरा सबसे बडा स्टार्टअप सिस्टम है।

वेव्स सम्मेलन के उदघाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये सम्मेलन नए आर्थिक अवसर सृजित करेगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के समीप चमियाना स्थित अटल इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी में आई.पी.डी. सेवाओं का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अस्पताल में निर्माण कार्यों के लिए 23 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं और यहां अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में एम.आर.आई. की अत्याधुनिक

मशीन भी लगाई जा रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है और इस बार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 2 सौ करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मरीजों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे। गौरतलब है कि आई.जी.एम.सी. शिमला में मरीजों की बढ़ती संख्या और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी व प्लास्टिक सर्जरी सहित कई अन्य विभागों को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाना में स्थानांतरित किया गया है।

**कुलदीप सिंह**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा के वर्तमान समय में राज्य सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दे रही है। वे आज चम्बा जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र के पंजाब राज्य के सीमावर्ती इलाके की तारागढ़ पंचायत में नवस्तरोन्नत राजकीय उच्च विद्यालय समतर के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में सड़क नेटवर्क के विस्तार को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ककीरा–कटलू सम्पर्क मार्ग के उन्नयन कार्यों पर लगभग 6 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान से पी.एम.जी.एस.वाई.–4 में शामिल करने के लिए प्रदेश में सत्यापन के दृष्टिगत लंबित 6 सौ 37 बस्तियों को जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया है। उन्होंने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय राज्य मंत्री से भेंट के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में 57 प्रतिशत सड़कें पी.एम.जी.एस.वाई. के तहत निर्मित की गई हैं और इन सड़कों के रख–रखाव पर प्रतिवर्ष 2 सौ 50 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत अधिक धन की आवश्यकता है। विक्रमादित्य सिंह ने सड़कों के रख–रखाव के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करवाने की भी मांग की। उन्होंने पीएमजीएसवाई–3 के तहत सड़क परियोजनाओं को मंजूरी देने और पीएमजीएसवाई–एक के तहत डोडरा–क्वार और बड़ा–भंगाल क्षेत्र की चार सड़क परियोजनाओं के कार्य को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने की अनुमति देने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। कमलेश पासवान ने राज्य को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

**जगत नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार श्रमिकों व मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और मजदूरों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है।

वे आज किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में विश्व श्रमिक दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि जिले में समय–समय पर कामगारों व श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे सके।

**जाति जनगणना**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केन्द्र की मोदी सरकार के जाति जनगणना के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सामाजिक न्याय की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ने आगामी जनगणना में जाति जनगणना को शामिल कर सर्व समाज के कल्याण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का संदेश दिया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना को रोका और वोट बैंक की राजनीति करते रहे। उन्होंने कहा कि 2 हजार 6 सौ 86 जातियों को इस जनगणना का फायदा होगा। सांसद सुरेश कश्यप ने भी जाति जनगणना के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि जातिगत जनगणना पारदर्शी तरीके से समाज के व्यापक हित के लिए की जाएगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश में जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय के लिए सबका साथ, सबका विकास व सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए की जाएगी।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी केन्द्र सरकार के देश में जातिगत जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग को स्वीकार किया है जो हर्ष का विषय है।

**जयराम**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से हिमकेयर सुविधा को तत्काल प्रभाव से बहाल करने की मांग की है ताकि हिमकेयर से लोगों को ईलाज की सुविधा मिलती रहे। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अस्पतालों में ईलाज के लिए आ रहे लोग भारी–भरकम बिल न दे पाने के कारण बिना ईलाज या आधे–अधूरे ईलाज के साथ वापिस जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि गम्भीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों के ईलाज में हिमकेयर कार्ड काम नहीं कर रहा है और लोग ईलाज करवाने के लिए कर्ज लेने को मजबूर हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार हर दिन कोई न कोई शुल्क लगा रही है और सुख की सरकार शुल्क की सरकार बन गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के जनविरोधी निर्णयों के खिलाफ समाज का हर वर्ग सड़क पर है।

**मौसम**

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश में आज मौसम ने करवट बदली है और राजधानी शिमला सहित राज्य के कई स्थानों पर गरज के साथ वर्षा हुई है। वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप

शर्मा ने बताया कि आगामी छह मई तक प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अंधड़ चलने और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**तलाश अभियान**

कुल्लू जिला की मलाणा नदी में कल देर शाम दो युवक नदी में डूब गए। नदी पर बने लकड़ी के पुल को पार करते समय दोनों युवक पानी के तेज बहाव में बह गए जिनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है जबकि दूसरा युवक अभी लापता है। लापता युवक की तलाश के लिए स्थानीय प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड और फायर ब्रिगेड सहित स्थानीय लोगों द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ये दोनों युवक भुंतर से मलाणा गांव लौट रहे थे।

**अंत में मुख्य समाचार ''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन वेव्स कलाकारों और रचनाकारों के नए विचारों को देगा बढ़ावा।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अटल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल चमियाना में आई.पी.डी. सेवाओं का किया शुभारम्भ।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में लम्बित 6 सौ 37 बस्तियों को पी.एम.जी.एस.वाई–चरण–4 में शामिल करने का केन्द्र से किया आग्रह।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से हिमकेयर सुविधा को तत्काल प्रभाव से बहाल करने की मांग की।